ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग

आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान

जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 04-05-2021

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-05-04 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-05-05	2021-05-06	2021-05-07	2021-05-08	2021-05-09
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	3.0	2.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	40.0	41.0	41.0	40.0	40.0
न्यूनतम तापमान(से.)	28.0	28.0	28.0	26.0	26.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	37	35	34	36	37
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	13	14	14	17	14
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	20.0	21.0	13.0	15.0	17.0
पवन दिशा (डिग्री)	242	233	186	207	245
क्लाउड कवर (ओक्टा)	1	2	4	3	3

मौसम सारांश / चेतावनी:

आने वाले दिनों में आसमान में आंशिक बादल छायें रहने के साथ वर्षा होने की सम्भावना है। अधिकतम तापमान 40.0 से 41.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 26.0 से 28.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना।

सामान्य सलाहकार:

जिन किसानों के पास सिंचाई की सुविधा है एंव आगामी रबी की फसल में जीरा लगाना चाहते है तो उस खेत में सरसों की फलकटी 2.5 टन व 0.5 टन सरसों की खली प्रति हेक्टर का भुरकाव करके तवीये निकाल कर एक सिंचाई तेज गर्मी के समय दें ताकि फलकटी व खल के सड़ने से जो गैस निकले उससे उखटा रोग की फंफूद अभी ही खत्म हो जाये।

लघु संदेश सलाहकार:

07 और 08 मई को हल्की वर्षा की सम्भावना है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
टमाटर	टमाटर में पर्णकुंचन या मोजेक रोग के प्रकोप से पौधों के पत्ते सिकुड़ कर मुड जाते है। यह रोग कीट के कारण फैलता है। नियंत्रण के लिए डाईमिथोएट 30 ई.सी. का एक मिली लीटर का प्रति लीटर पानी की दर से छिडकाव करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
मिर्च	मिर्च की 45 दिन की फसल पर 35 किलो नत्रजन प्रति हैक्टेयर की दर से सिंचाई के साथ दें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	इस महीने में उच्च तापमान के परिणाम स्वरुप जानवरों में निर्जलीकरण, शरीर में लवण और भूख की कमी व उत्पादन में कमी आदि की समस्या रहती हे। इसलिए उच्च तापमान से जानवरों की रक्षा करना अनिवार्य है। पशुओं को नियमित रूप से नमक दे। आहार में खनिजलवण की मात्रा पर्याप्त हो ताकि हार्मोन्स का संतुलन पशुओं के शरीर में बना रहे।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	खरबूजा व तरबूज में फल मक्खी के प्रकोप से फल सड़ने लगते है फल मक्खी का प्रकोप दिखाई देने पर नियंत्रण हेतु मैलाथियान 50 ई.सी. 1 मिली लीटर प्रति लीटर पानी की दर से छिडकाव करें।